**निर्णय** रानीताल- बल्देवबाग में लगेंगे 10 दिन के अंदर सिग्नल, सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में हुए निर्णय

# जनवरी-फरवरी में हुई 674 दुर्घटनाएं, 11 मौतें



**नवभारत, जबलपुर।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह और पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने यातायात सुरक्षा को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें पिछली बैठक में दिये गये निर्देशों के पालन प्रतिवेदनों पर चर्चा कर कहा कि जहां-जहां ट्राफिक सिग्नल लगाने के निर्देश दिये गये थे, उन्हें 31 मार्च तक पूर्ण कर लें। बैठक में बताया गया कि जनवरी और फरवरी में 674 दुर्घटनाएं घटित हुई जिसमें 11 की मृत्यु हुई तथा 779 घायल हुए। जिनमें सबसे ज्यादा रानीताल में घटनाएं घटित हुई। कलेक्टर ने कहा कि रानीताल, बल्देवबाग और उखरी तिराहा पर 10 दिन के अंदर ट्राफिक सिग्नल लगायें। फ्लाई ओव्हर पर भी सुरक्षा के मापदंड सुनिश्चित करें। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने तथा शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये।

इसके साथ ही बायपास रोड पर अंधमूक चौराहे सहित शहर के सभी प्रवेश मार्गो की सर्विस रोड पर हुये अतिक्रमणों को हटाने तथा भारी वाहनों की अवैध पार्किंग को प्रतिबंधित करने का निर्णय बैठक में लिया गया। बैठक में नगर निगम कमिश्नर रामप्रकाश अहिरवार, एडीशनल एसपी ट्राफिक अंजना तिवारी सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

### सड़क -चौराहे पर खड़ी हुई बस तो लगेगा 10 हजार जुर्माना

बैठक में आईएसबीटी चौराहा और सड़कों पर बसों के खड़े होने पर 10 हजार रूपये अर्थदण्ड लगाने के निर्देश भी दिये। वहीं ऑटो रिक्शा के अनियंत्रित संचालन पर समुचित कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा। इस दौरान पार्किंग की समस्या का स्थाई समाधान करने और दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण करने के निर्देश दिये गये।

### सभी ट्रांसपोर्टर्स को करें चंडालभाटा शिफ्ट

बैठक में बताया गया कि वर्तमान में 41 ब्लैक स्पॉट हैं, जिन्हें दूर करने के आवश्यक उपाय सुनिश्चित करें। बैठक में कहा कि जीवन की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक उपाय करते हुए सड़क पर खड़े दो पहिया वाहनों को हटाया जाये। सभी ट्रांसपोटरों को बल्देवबाग से चंडालभाटा शिफ्ट किया जाये। डिवाईडर के साथ चौराहों का मानक अनुसार विकास सुनिश्चित किया जाये।

## पुरानी रंजिश में युवक पर चाकू से जानलेवा हमला

**जबलपुर।** तिलवारा थाना अंतर्गत शास्त्रीनगर चौक के पास स्कूटी सवार दो बदमाशों ने एक युवक पर जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला कर दिया। हमले में घायल युवक ने भागकर अपनी जान बचाई, जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार कबीरमठ क्रेसर बस्ती निवासी 23 वर्षीय करन बर्मन, जो पेशे से पुट्टी-पॉलिश का काम करता है, बीती रात करीब 8:30 बजे अपने साथी प्रहलाद विश्वकर्मा के साथ सगड़ा स्थित प्रमोद की दुकान पर चाय पीने गया था। चाय पीने के बाद जब दोनों दोस्त प्रहलाद की मोटरसाइकिल से घर वापस लौट रहे थे, तभी घात लगाए बैठे बदमाशों ने उन्हें घेर लिया। जैसे ही करन और प्रहलाद शास्त्रीनगर चौक स्थित विकास हार्डवेयर के सामने पहुँचे, पीछे से स्कूटी पर सवार होकर अनुराग ठाकुर और राज वासनिक आए। अनुराग ने अचानक चाकू निकालकर करन पर हमला कर दिया। अनुराग ने सीधे उसके पेट पर वार करने की कोशिश की थी, लेकिन ऐन वक्त पर उसने खुद का बचाव किया, जिससे चाकू उसके पेट में न लगकर जांघ में जा लगा। हमले के बाद युवक बुरी तरह दहशत में आ गया और घायल अवस्था में ही गाड़ी तेज चलाकर मौके से भाग निकला और सीधे घर पहुँचा।

## विश्वासघात : 5 साल पुराने नौकरों ने मालकिन को लगाया 18 लाख नकद, जेवर का चूना

**जबलपुर।** कैंट थाना अंतर्गत सदर इलाके में रहने वाली युवती के घर काम करने वाले पांच साल के पुराने नौकरों ने विश्वासघात करते हुए करीब 18 लाख रुपये नगद और सोने के जेवर पर हाथ साफ कर दिया। आरोपियों ने पहले अपनी गलती मानी और फिर माल लौटाने का झांसा देकर शहर छोड़कर भाग निकले। पुलिस के मुताबिक सदर बंगला नंबर 74 निवासी नीलम चंसोरिया (46) अपने भतीजे पामुल के साथ वॉलीबॉल प्रैक्टिस के लिए नर्मदा क्लब गई थीं। घर पर उनके दो पुराने और भरोसेमंद नौकर शेख इमरान और उसका जीजा फिरोज मौजूद थे। सुबह 10:30 बजे जब वह घर लौटीं, तो दोनों नौकर नदारद थे। जब वह अपने बेडरूम में गईं, तो वहां का नजारा देखकर उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। अलमारी का लॉक खुला था और सारा सामान फर्श पर बिखरा पड़ा था। नीलम ने अपनी बड़ी बहन ऋषि और भतीजी प्रिंसी के साथ जब अलमारी की पड़ताल की, तो पाया कि उसमें रखे 18 लाख रुपये नगद, दो सोने की चेन और एक मोबाइल गायब थे। संदेह होने पर जब वह नौकरों के घर बगीचा क्षेत्र पहुंचीं, तो वहां ताला लटका मिला और दोनों के फोन भी बंद आने लगे।

### जुर्म कबूला और फिर दे दिया चकमा

जब किसी तरह आरोपियों से पीड़िता का संपर्क हुआ और वे घर आए, तो कड़ाई से पूछताछ करने पर उन्होंने पूरी वारदात कबूल कर ली। उन्होंने मालकिन से मिन्नतें कीं और कहा कि वे जल्द ही सारा सामान और नगदी वापस ले आएंगे। मालकिन ने 5 साल पुराने संबंध होने के कारण उन पर एक बार फिर भरोसा कर लिया, लेकिन आरोपी वहां से जाते ही दोबारा गायब हो गए। अब दोनों के मोबाइल बंद हैं और वे पुलिस की पकड़ से बाहर हैं।

**5 साल का अटूट भरोसा** - पीड़िता ने भारी मन से बताया कि दोनों आरोपी पिछले 4-5 वर्षों से उनके यहाँ काम कर रहे थे। घर की चाबियों से लेकर हर कीमती सामान उनके सामने रहता था, लेकिन उन्होंने इस तरह पीठ में छुरा घोंपा, इसकी कल्पना किसी ने नहीं की थी। कैंट थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

## टैक्स वसूली-अवैध नल काटने गई ननि टीम को धमकाया, पीटा

**जबलपुर।** घमापुर अंतर्गत लालमाटी क्षेत्र में बुधवार को टैक्स वसूली-अवैध नल काटने पहुंची नगर निगम की टीम के साथ बदमाश ने अभद्रता कर दी बल्कि आरोपी ने न केवल टैक्स वसूली दल के सदस्य के साथ मारपीट की, बल्कि पूरी टीम को जान से मारने की धमकी देते हुए सरकारी काम में बाधा उत्पन्न की।

पुलिस ने इस मामले में शासकीय कर्मचारी की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली है।

पुलिस के मुताबिक नगर निगम के संभागीय कार्यालय क्रमांक-9 की टीम बुधवार सुबह करीब 11:30 बजे चांदमारी तलैया और खेरमाई मंदिर के पास टैक्स वसूली और अवैध नल कनेक्शन काटने की कार्यवाही करने निकली थी। दल में संभागीय अधिकारी जागेन्द्र सिंह, राजस्व निरीक्षक कमल आनंद, उपयंत्री मनोज पटेल (जल विभाग), टैक्स कलेक्टर नारायण बेन और नोटिस सर्वर मंगलप्रसाद पटेल सहित अन्य कर्मचारी शामिल थे। टीम जब वार्ड नंबर 918/7 बी (सेठ गोविंददास वार्ड) में करदाता अंजलि वर्मा लोधी के मकान पर अवैध नल काटने की कार्यवाही कर रही थी, तभी माहौल गरमा गया।

### बीच सड़क पर रोका रास्ता और कॉलर पकड़ी जड़ा थप्पड़

पीड़ित कर्मचारी मंगलप्रसाद पटेल (58) ने पुलिस को बताया कि जब वे अपनी टीम के साथ अगली कार्यवाही के लिए पंचशील स्कूल के पास पहुँचे, तभी वीरेन्द्र लोधी बाइक से वहां आया। वीरेन्द्र नल कनेक्शन काटे जाने की बात को लेकर उग्र हो गया। जब मंगलप्रसाद ने उसे अपशब्द कहने से मना किया, तो आरोपी ने बाइक से उतरकर उनका कॉलर पकड़ लिया और सरेराह उनके गाल पर जोरदार थप्पड़ जड़ दिया। बीच-बचाव करने आए अन्य अधिकारियों को भी आरोपी ने यह कहते हुए धमकाया कि 'यहाँ किसी की टैक्स वसूली की हिम्मत कैसे हुई।

**कार्यालय पहुंचकर भी किया हंगामा**

घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी वहाँ से भाग निकला, लेकिन कुछ ही देर बाद वह पुन: नगर निगम के संभागीय कार्यालय क्रमांक-9 जा पहुँचा। वहां भी उसने कर्मचारियों को डराया-धमकाया और हंगामा किया। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## लापता युवक की लाश फांसी पर लटकी मिली

**जबलपुर।** गोसलपुर थाना अंतर्गत हिरन नदी पुल घाट सिमरिया के पास 16 मार्च से लापता युवक की लाश बुधवार को फांसी के फंदे पर झूलती मिली। मृतक ने किन परिस्थितियों में यह आत्मघाती कदम उठाया इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक बुधवार को मोहनलाल पटेल (35) निवासी ग्राम बेला ने सूचना दी कि उसका बड़ा भाई बेड़ीलाल पटेल (40) हार्वेस्टर चलाने का काम करता था 16 मार्च को सुबह लगभग 9 बजे घर से उसका भाई हार्वेस्टर चलाने के लिए झींटी मझगवा जाने का कहकर निकला था जो लौटकर वापस नहीं आया जिसकी तलाश किये नहीं मिलने पर उसने 17 मंगलवार को गोसलपुर में भाई की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बुधवार को उसे सूचना मिली कि हिरन नदी पुल घाट सिमरिया के पास एक व्यक्ति पेड़ से फांसी लगाकर लटका है उसने तुरंत जाकर देखा उसका भाई पेड में फांसी पर लटका था जिसकी मौत हो चुकी थी।

# फ्लाइट मोड पर फोन, खाते से उड़े 2 .81 लाख

**जबलपुर।** अधारताल थाना अंतर्गत महाराजपुर स्थित एक गैस एजेंसी में काम करने वाली महिला कर्मचारी के बैंक खाते से शातिर जालसाज ने करीब 2 लाख 81 हजार रुपये पार कर दिए। चौंकाने वाली बात यह है कि वारदात के समय महिला का मोबाइल फोन फ्लाइट मोड पर था और किसी के साथ ओटीपी भी साझा नहीं किया था। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है ।

पुलिस के मुताबिक पटेल नगर, महाराजपुर निवासी मनीषा यादव महाराजपुर स्थित एच.पी. गैस एजेंसी में प्राइवेट काम करती हैं। सुबह करीब 10:30 बजे वह ड्यूटी पर गई थीं। एजेंसी में उपभोक्ताओं की भारी भीड़ होने और बार-बार फोन आने के कारण, उन्होंने काम में व्यवधान न हो इसलिए अपना मोबाइल फ्लाइट मोड पर डाल दिया था। दिनभर काम खत्म करने के बाद जब मनीषा शाम करीब 7:30 बजे घर लौटीं और अपना फोन चालू किया, तो उनके मोबाइल पर मैसेज और मिस्ड कॉल्स की बाढ़ आ गई। जब उन्होंने मैसेज खोलकर देखे, तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। उनके भारतीय स्टेट बैंक सब्जी मार्केट शाखा के खाते से अज्ञात ठगों ने 6 किस्तों में कुल 2,81,007 रुपये निकाल लिए थे।

### न ओटीपी दिया, न लिंक क्लिक किया

पीड़िता मनीषा यादव ने पुलिस को दी शिकायत बताया कि उन्होंने किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ कोई लिंक या ओटीपी साझा नहीं किया है। इसके बावजूद इतनी बड़ी रकम का गायब हो गई । ठगी का अहसास होते ही मनीषा ने तत्काल साइबर हेल्पलाइन में शिकायत की थी। अधारताल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच साइबर सेल को सौंप दी है। पुलिस अब उन खातों और ट्रांजैक्शन आईडी को ट्रैक कर रही है, जिनमें यह पैसा ट्रांसफर हुआ है।

### क्रिकेट मैच देखते समय आया नोटिफिकेशन, मोबाइल अपडेट करते ही उड़े 65 हजार

लार्डगंज के अंतर्गत रानीताल सर्वोदयनगर निवासी एक युवक साइबर ठगी का शिकार हो गया। मैच देख रहे युवक को शातिर ठग ने मोबाइल अपडेट करने का नोटिफिकेशन के झांसे में लेकर पीड़ित के दो अलग-अलग बैंक खातों से कुल 65 हजार रुपये पार कर दिए।

पुलिस के अनुसार पीड़ित इरमिया चौधरी (42) मोबाइल पर बीबीटीव्ही ऐप के माध्यम से क्रिकेट मैच देख रहे थे। तभी मोबाइल पर सिस्टम अपडेट का एक नोटिफिकेशन आया। इरमिया को लगा कि यह सामान्य मोबाइल अपडेट है और उन्होंने प्रक्रिया शुरू कर दी। जैसे ही मोबाइल अपडेट मोड पर गया, बैकग्राउंड में लगातार व्हाट्सएप मैसेज आने शुरू हो गए। इसी दौरान उनके मोबाइल स्क्रीन पर यूनियन बैंक से 10 हजार रुपये कटने का मैसेज फ्लैश हुआ। घबराकर जब उन्होंने अपना खाता चेक किया, तो पता चला कि पैसे वाकई निकल चुके हैं।

संदेह होने पर जब पीड़ित ने अपना एसबीआई बैंक अकाउंट चेक किया, तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। ठगों ने उस खाते से भी दो किस्तों में 20 हजार और 35 हजार रुपये निकाल लिए थे। साइबर हमले को भांपते हुए पीड़ित ने तुरंत अपना मोबाइल स्विच ऑफ कर दिया, लेकिन तब तक उनके खातों से कुल 65 हजार रुपये की चपत लग चुकी थी।

### एक नजर में



## मनमोहन नगर हॉस्पिटल को बनाया जाए सिविल अस्पताल

**नवभारत, जबलपुर।** उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय ने मुख्यमंत्री कार्यालय पहुंचकर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से मिलकर उत्तर मध्य विधानसभा में 5स के अंतर्गत सेवा , सुरक्षा , स्वास्थ्य , शिक्षा , संस्कार पर केंद्रित विकास के रोड़ मैप पर चर्चा की। इस मौके पर विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से मिलकर मुख्य रूप से मनमोहन नगर हॉस्पिटल को सिविल हॉस्पिटल के रूप में जल्द बनाने एवं विधानसभा में सी एम राइस सांदीपनी विद्यालय को स्वीकृत कर शुरू करने का अनुरोध किया।

## नर्मदा घाट पर मिला युवक का शव

**जबलपुर।** बेलखेड़ा थाना अंतर्गत ग्राम झुरई पिपरिया स्थित नर्मदा बैठान घाट एक युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह करीब 10:15 बजे जब स्थानीय निवासी पुष्पराज चढ़ार (26) नर्मदा घाट पर था, तब वहां मौजूद नर्मदा परिक्रमा वासियों ने उसे घाट के किनारे पत्थरों के पास एक शव पड़े होने की सूचना दी। पुष्पराज ने पास जाकर देखा तो पानी में एक युवक का शव चित्त अवस्था में पड़ा था। युवक की उम्र 25 वर्ष के आसपास प्रतीत हो रही है। घटना की सूचना मिलते ही बेलखेड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पानी से बाहर निकलवाया। युवक के हुलिए के आधार पर पहचान करने की कोशिश की जा रही है । शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, जिसकी रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## वाहन चैकिंग के दौरान उड़ रही नियमों की धज्जियां

**बहुजन चेतना विकास मोर्चा ने शासन-प्रशासन को पत्र लिखकर जताई नाराजगी**

**नवभारत ,जबलपुर।** बहुजन चेतना विकास मोर्चा ने मध्यप्रदेश शासन और जबलपुर परिवहन अधिकारियों को पत्र लिखकर शहर में चल रही अवैध चैकिंग और वसूली के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया है। प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम मेहरा ने पत्र में कहा गया है कि चैकिंग के दौरान एएसआई अधिकारी की मौजूदगी, दो बॉडी वान कैमरे और 15 मिनट की समय सीमा जैसी नियमावली शासन ने बनाई है। लेकिन जबलपुर में इन नियमों की धज्जियां उड़ रही हैं। लंबी कतारें, ओवरलोड हाईवा की अनियंत्रित आवाजाही और प्राइवेट कर्मचारियों की तैनाती आम समस्या बन गई है। राधेश्याम मेहरा ने चेतावनी दी है कि 15 दिन के भीतर नियमों के अनुसार कार्रवाई नहीं होने पर पार्टी चैक पोस्ट पर आंदोलन और आरटीओ कार्यालय घेराव करेगी।

# 11 केव्ही करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

▸ **रात भर तलाश, सुबह मिली लाश**

**जबलपुर।** पाटन थाना अंतर्गत ग्राम झामर में बिजली के करंट की चपेट में आने से 35 वर्षीय युवक कमल अहिरवार की मौत हो गई। घटना बीती रात की है, परिजन युवक की लाश करते रहे। बुधवार सुबह युवक का शव घर के पीछे गेहूं के खेत में पड़ा मिला।

पुलिस के मुताबिकभाई मुन्नालाल अहिरवार (59) ने सूचना दी कि उनका छोटा भाई काशीराम अहिरवार लकवाग्रस्त है। बीती रात करीब 10 बजे काशीराम का बेटा कमल अहिरवार कपड़े उतारने के लिए घर की छत पर गया था। कमल की पत्नी के अनुसार जब कमल काफी देर तक नीचे नहीं आए, तो उन्हें लगा कि वे शायद गांव में कहीं चले गए होंगे और वह सो गई।

सुबह करीब 5 बजे जब नींद खुली और पति कमरे में नहीं दिखे, तो पत्नी ने छत पर जाकर तलाश की। वहाँ से नीचे देखने पर कमल गेहूं के खेत में बेसुध पड़े दिखाई दिए। पास जाकर देखने पर पता चला कि उनकी मौत हो चुकी थी। परिजनों का कहना है कि घर की छत के बेहद करीब से 11 केवी की हाईटेंशन बिजली लाइन गुजरी है। अंधेरे में कमल का हाथ इन तारों से छू गया, जिससे लगे जोरदार झटके के कारण वह सीधे नीचे खेत में जा गिरे। मृतक के दोनों हाथों में करंट लगने के गहरे निशान पाए गए हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

# सूने घर की कुंडी खोलकर 6 तोला सोना और मोबाइल पार

▸ **गांव के ही युवक पर संदेह**

**जबलपुर।** मझौली थाना अंतर्गत ग्राम हरदुआ में चोर ने घर में घुसकर करीब 6 तोला वजनी सोने के दो हार और एक मोबाइल फोन पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर गांव के ही एक संदिग्ध युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हरदुआ निवासी संतोष पटैल (47) अपनी पत्नी बबीता बाई का इलाज कराने के लिए जबलपुर गए थे। घर पर उनके वृद्ध माता-पिता और भांजी लक्ष्मी पटैल मौजूद थे। जब घर की महिलाएं पास ही गांव में टहलने निकलीं, तब चोर ने सूनेपन का फायदा उठाया।

### बोरी में छिपाकर रखे थे जेवर

पीड़ित ने पुलिस को बताया कि सुरक्षा के लिहाज से भांजी और पत्नी के सोने के हार वजन करीब 3-3 तोला एक बोरी में लपेटकर पलंग और दीवार के बीच छिपाकर रखे गए थे। जब मां और भांजी वापस लौटी, तो घर के दरवाजे की कुंडी खुली मिली। अंदर जाकर चेक करने पर दोनों कीमती हार और लावा कंपनी का मोबाइल गायब थे। लक्ष्मी ने गांव के ही घनशू पटैल को घर के आंगन से निकलते हुए देखा था।

परिवार को पूरा संदेह है कि चोरी की इस घटना को घनशू ने ही अंजाम दिया है। जब संतोष जबलपुर से वापस लौटे, तब उन्हें घटना की जानकारी हुई जिसके बाद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस अब संदिग्ध घनशू पटैल की तलाश और चोरी गए माल की बरामदगी के प्रयास में जुटी है।

## व्यवसाय में ब्रांड आइडेंटिटी की धोखाधड़ी से उपभोक्ता व बाजार में पड़ता है असर

▸ **हाईकोर्ट ने सिविल विवाद नहीं मानते हुए याचिका की निरस्त**

**जबलपुर।** दूसरी कंपनी की ब्रांड आइडेंटिटी का उपयोग किये जाने के आरोप पर धोखाधडी, जालसाजी सहित कॉपी राइट एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में चालान पेष किये जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। याचिका में कहा गया था कि विवाद ट्रेडमार्क या कॉपीराइट के कथित उल्लंघन से जुड़ा है इसलिए सिविल नेचर का है। हाईकोर्ट जस्टिस बी पी षर्मा ने याचिका को खारिज करते हुए अपने आदेष में कहा है कि व्यवसाय में ब्रांड आइडेंटिटी की धोखाधड़ी से उपभोक्ता व बाजार में असर पडता है।

जबलपुर के चरगवां थानान्तर्गत धारा 420, 468 और 471 के साथ-साथ कॉपीराइट एक्ट, 1957 के सेक्शन 51, 63 और 68 के अपराधिक प्रकरण दर्ज किये जाने के खिलाफ श्रीमती माया गुप्ता ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। याचिका में कहा गया था कि उनकी चरगवां स्थित पॉलीसेट पाइप इंडस्ट्रीज में पाइप और उससे जुड़े प्लास्टिक प्रोडक्ट बनाते थे। उस पर आरोप है कि जैन इरिगेशन सिस्टम्स लिमिटेड से जुड़ी ब्रांड आइडेंटिटी और रेप्युटेशन का गलत इस्तेमाल करके बेईमानी से पाइप बनाए और मार्केट में सर्कुलेट किए। इस तरह कस्टमर्स को यह यकीन दिलाया कि ये प्रोडक्ट असली सामान हैं जो उस कंपनी ने बनाए हैं।

याचिका में कहा गया था कि किसी उपभोक्ता ने उनके खिलाफ शिकायत दर्ज नहीं कराई है। संबंधित कंपनी ने ब्रांड आइडेंटिटी के उपयोग की षिकायत दर्ज करवाई है। जो दो कंपनी के बीच का सिविल नेचर का मामला है। याचिका में राहत चाही गयी थी कि उसके खिलाफ दर्ज अपराधिक प्रकरण को निरस्त किया जाये।

याचिका को खारिज करते हुए एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि पुलिस ने जांच के बाद न्यायालय में चार्जशीट दायर की है।

जिसमें पहली नजर में सबूत होने का संकेत मिलता है। आरोप एक जानी-मानी कंपनी की ब्रांड पहचान का गलत इस्तेमाल करके सामान बनाने और बेचने से जुड़े हैं। यह मामला सिर्फ़ टाइटल में कॉपीराइट के सवाल तक सीमित नहीं है, बल्कि कमर्शियल एक्टिविटी में कथित धोखाधड़ी से भी जुड़ा है। सर्वोच्च न्यायालय के आदेष का हवाला देते हुए एकलपीठ ने कहा है कि हाई कोर्ट ऐसी कार्रवाई रद्द कर सकता है जहाँ विवाद ज़्यादातर सिविल नेचर का हो और प्रॉसिक्यूशन जारी रखने से कोई फ़ायदा नहीं होगा। हालाँकि, कोर्ट ने साथ ही चेतावनी दी कि धोखाधड़ी, आर्थिक गलत काम या बड़े पैमाने पर समाज को प्रभावित करने वाले गंभीर अपराधों को आम तौर पर सिर्फ़ इसलिए रद्द नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि विवाद में सिविल पहलू हैं।

### रेलवे की नीति के तहत पोते को अधिग्रहीत भूमि के बदले नियुक्ति का अधिकार नहीं

मप्र हाईकोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा है कि रेलवे की नीति के तहत पोते को रेलवे द्वारा अधिग्रहित भूमि के बदले नियुक्ति का अधिकार नहीं है। जस्टिस विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की युगलपीठ ने केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (कैट) के उस आदेश को निरस्त कर दिया जिसमें रेलवे को सीधी के युवक को जमीन के बदले नौकरी देने कहा गया था। हाईकोर्ट ने कहा कि कैट ने उक्त आदेश देने में गलती की है। दरअसल, सीधी निवासी भैया प्रशांत सिंह ने कैट में याचिका दायर कर कहा था कि रेलवे ने रीवा-सीधी रेलवे लाइन प्रोजेक्ट के लिए उसके दादा की कुछ जमीन अधिगृहीत की थी। इसका मुआवजा भी दिया गया। प्रशांत ने जमीन के बदले नौकरी के लिए आवेदन किया, जिसे रेलवे ने निरस्त कर दिया।

**मांग** देश भर की 41 आयुध निर्माणियों में लंबित पड़ी हैं विभिन्न मांगें

# राष्ट्रपति- प्रधानमंत्री को एआईएएनजीओ ने पत्र किया प्रेषित



**नवभारत ,जबलपुर।** अखिल भारतीय अराजपत्रित संघ ऑल इंडिया एसोसिएशन नॉन गैजेटेड ऑफीसर के द्वारा देशभर की 41 आयुध निर्माणियों में लंबित पड़ी विभिन्न मांगों को लेकर सभी आयुध निर्माणियों ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को मामले पर हस्तक्षेप करने के लिए अनुरोध पत्र प्रेषित किया गया है। मीडिया प्रमुख उत्तम विश्वास (जीसीएफ) ने नवभारत को बताया कि लंबित पड़ी विभिन्न मांगों में डी पी सी के माध्यम से होने वाले चार्जमेन से जे डब्ल्यू एम प्रमोशन और एलडीसी की परीक्षा के माध्यम से चार्जमेन से जेडब्ल्यूएम और जेडब्ल्यूएम एसजी , एमसीएम से चार्ज मेन प्रमोशन के खाली पड़े पदों, ए डब्ल्यू म प्रमोशन, खाली पड़े डी आर पद को डी पी सी में बदलने और अनुकंपा नियुक्ति, एस आर ओ अमेंडमेंट सहित अन्य मांगें शामिल हैं। इसी कड़ी में तोप गाड़ी निर्माणी जबलपुर में भी अनुरोध पत्र प्रेषित किया गया है।

एआईएएनजीओ के संगठन सचिव और जेसीएम 4 अजय रजक ने बताया कि राष्ट्रीय महासचिव अजय और राष्ट्रीय अध्यक्ष जय वर्धन जी के नेतृत्व में पिछले कई महीने से ए आई ए एन जीओ ने लगातार विभिन्न लंबित मांगों को लेकर डी ओ ओ कोलकाता एवं संबंधित अथॉरिटी को कई बार पत्र लिखे हैं लेकिन आज तक कोई सार्थक कार्रवाई नहीं हुई है। इसलिए मंगलवार को प्रधानमंत्री और माननीय राष्ट्रपति को पत्र भेजकर अनुरोध किया गया है

### इन जगहों से उठी आवाजें

जबलपुर जोन से ओएफके के डीसी पांडे ,अजय यादव, सत्येंद्र सिंह, अजय चौहान, अजय पाल सिंह व्हीएफजे से रॉबिंसन मसीह नटराज अय्यर, जीआईएफ से मधुसूदन दहिया, सचिन सिंह ऑर्डिनेंस फैक्ट्री कटनी से उमाशंकर सिंह, प्रकाश सिंह गौतम और ऑर्डिनेंस फैक्ट्री इटारसी से योगेंद्र रघुवंशी आदि ने मांगे जल्द पूर्ण होने की आशा की है। वहीं जी सी एफ के राजेंद्र कुमार असाटी, मनीष चौरसिया, राहुल कुमार ,कुमार विभु, लालाराम मीणा, संतोष कुमार, जगदीश गुप्ता,शरद बोरकर ,नरेश बाजपेई सहित अन्य सदस्यों ने मामले में कार्रवाई की मांग की है।

## शराब के लिए युवक को मारा चाकू

**जबलपुर।** घमापुर थाना क्षेत्र में बदमाश ने शराब के लिए रूपए न देने पर चाकू से हमला कर दिया।

पुलिस के मुताबिक बुधवार को शिवम कोरी निवासी करिया पाथर घमापुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह प्राईवेट काम करता है वह अपने साथी अंकित दाहिया के साथ काम करके घर वापस जा रहा था कुण्डा के पास सूजल राजपूत आकर उससे शराब पीने के लिये एक हजार रूपये मांगने लगा, उसने रूपये देने से मना किया तो सूजल राजपूत चाकू से हमलाकर उसकी वायें जांघ में चोट पहुँचा दी।